महत्वपूर्ण एवं खास

फैक्ट्री में कर्मी के ऊपर गिरा गर्म लोहा, मौत

रायपुर (आरएनएस)। धरसींवा थाना क्षेत्र के श्रीराम नवीन कंपनी सिलतरा में एक कर्मचारी के ऊपर लोहे का गर्म स्लैक गिरने से कर्मी की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मामले में ठेकेदार के खिलाफ लापरवाही बरतने का मामला दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि हादसा 30 अक्टूबर को श्रीराम नवीन कंपनी सिलतरा में हुआ। मिली जानकारी के अनुसार कंपनी में कार्यरत कर्मचारी लालू यादव पिता राधे लाल यादव 24 वर्ष रोज की तरह काम कर रहा था। इसी दौरान उसके ऊपर से एक क्रेन में लोहे का गर्म स्लैक ले जाया जा रहा था जो कि अचानक लालू के ऊपर गिर गया। हादसे में बुरी तरह से झुलसे लालू को तत्काल उपचार के लिए ले जाया गया। यहां उपचार के दौरान मेकाहारा में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में लापरवाही बरतने तथा बिना सुरक्षा उपकरण के कर्मचारियों से काम कराने के मामले में ठेकेदार श्रीराम नवीन गुप्ता के खिलाफ अपराध दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है।

मोबाइल से सट्टा खिला रहा युवक गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। वर्ल्ड कप क्रिकेट मैच में ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले एक युवक को मंदिर हसौद थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक नग मोबाइल भी बरामद किया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मुखबीर की सूचना पर आरोपी जगदीश सोनी पिता किशोर सोनी 35 वर्ष को पकड़ा गया है। आरोपी अपने मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा संचालित कर लोगों से जीत-हार पर सट्टा खिला रहा था। आरोपी के कब्जे से सट्टा के डिटेल व एक मोबाइल फोन बरामद कर जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया है।

ट्रेक्टर ने कार को ठोंका, 7 घायल

कोरबा (आरएनएस)। रेत लोड ट्रैक्टर शहर की सडक़ों पर फर्राटे भर रहे हैं। जिनसें हादसे हो रहे हैं। राताखार मार्ग पर ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए कार को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में कार सवार सात लोग घायल हो गए हैं। जिन्हें शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो महिला की हालत नाजुक है, जिन्हें आईसीयू में शिफ्ट किया गया है। बताया जा रहा है कि ट्रेक्टर चालक नशे में धुत्त था। ट्रैक्टर चालकों की रफ्तार पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। कोतवाली अंतर्गत राताखार मार्ग पर रेत लोड ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 12 बीई 9504 के चालक ने लारवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए कार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार दो महिला, चार बच्चे सहित चालक घायल हुए हैं। जिन्हें उपचार के लिए कोसाबाड़ी स्थित निजी अस्पताल रवाना किया गया। मामले की सूचना पर पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है।

माओवादियों ने किया चुनाव का बहिष्कार

बीजापुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है विधानसभा चुनाव के पहले चरण में छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में 7 नवंबर को वोटिंग है। बस्तर छत्तीसगढ़ का सबसे संवेदनशील मतदान क्षेत्र में माना जाता है जो कि यहां नक्सलवाद चरम पर है, जिसके कारण पहले चरण के चुनाव को देखते हुए केंद्र और राज्य सरकार की पुलिस और अर्धसैनिक बलों की टुकडिय़ा भी भेजी गई है। इस दौरान आज नक्सलियों ने फिर चुनाव बहिष्कार का आह्वान किया है नक्सलियों ने जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि चुनाव अधिकारियों को एवं चुनाव कर्मियों को हमारी अपील है कि 7 नवंबर को होने वाला चुनाव मैं हमारे संघर्ष वाले एरिया में आएंगे जहां आपकी जान को खतरा है,आप यहां ना आकर अपने आप को सुरक्षित रखें।

राज्य में धान खरीदी शुरू... 125 लाख मीट्रिक टन धान खरीदने का लक्ष्य

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में आज एक नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरूआत हो गई है। इसके लिए जोरदार तैयारियां की गई थी। सहकारी समितियों में धान खरीदी की तैयारियां पिछले एक सप्ताह से चल रही थी। इस वर्ष समितियों में 15 क्विटंल के स्थान पर अब प्रति एकड़ अधिकतम 20 क्विंटल धान और प्रति एकड़ 10 क्विंटल मक्का की खरीद की जा रही है।

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ में कुल 25 लाख से अधिक किसान पंजीकृत हैं। बीते वर्ष 23.42 लाख किसानों से धान खरीदी हुई थी। अधिकारियों के मुताबिक धान के बदले 22 हजार करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया गया। सहकारी समितियों में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में प्रदेश के पंजीकृत किसानों से 125 लाख मीट्रिक टन धान खरीदने का अनुमानित लक्ष्य रखा गया है।

धान खरीदी के लिए उड़नदस्ता दल का गठन

रायपुर (आरएनएस)। समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का की खरीदी 1 नवंबर से खरीदी की जाएगी. पंजीकृत किसानों के धान के रकबे तथा कोचियों एवं बिचौलियों पर नियंत्रण के लिए कलेक्टर द्वारा उडऩदस्ता दल का गठन किया गया है. तहसील क्षेत्र अम्बिकापुर में तहसीलदार उमेश्वर बाज, सहायक खाद्य अधिकारी रोशन लाल गुप्ता और कृषि उपज मण्डी के मण्डी सचिव प्रभुदयाल सिंह दल में शामिल हैं. लखनपुर में तहसीलदार नीरज कौशिक, खाद्य निरीक्षक लखनपुर शैलेन्द्र एक्का और उप निरीक्षक कृषि उपज मण्डी शिवनारायण सिंह, तहसील क्षेत्र उदयपुर में तहसीलदार उदयपुर चन्द्रशीला जायसवाल, खाद्य निरीक्षक सतपाल सिंह कंवर, एवं उप निरीक्षक कृषि उपज मण्डी शिवनारायण सिंह शामिल हैं. लुण्ड्रा में तहसीलदार लुण्ड्रा नीतू भगत, खाद्य निरीक्षक नवीन सिंह, एवं कृषि उपज मण्डी के सहायक ग्रेड-3 आत्माराम पाण्डे, तहसील क्षेत्र बतौली उत तहसीलदार लुण्ड्रा तारा सिदार, खाद्य निरीक्षक बतौली राजन कश्यप एवं कृषि उपज मंडी के सहायक ग्रेड-3 आत्माराम पाण्डे को दायित्व सौंपा गया है. पंजीकृत किसानों से धान खरीदी का कार्य 1 नवम्बर से शुरू होगा।

कलेक्टर डॉ. भुरे ने मंदिर हसौद उपार्जन केंद्र में धान खरीदी का किया शुभारंभ

केंद्र का किया अवलोकन, दिए आवश्यक निर्देश

रायपुर (आरएनएस)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज जिले के मंदिर हसौद स्थित उपार्जन केंद्र में धान खरीदी का पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया। आज 01 नवम्बर से धान खरीदी की शुरुआत हुई है। डॉ. भुरे ने केंद्र में आए किसान गणेश राम बंजारे का स्वागत किया। बंजारे ने केंद्र में 30 क्विंटल बेचा। डॉ. भुरे ने संबंधित विभागिय अधिकारियों को केंद्र में बारदाना, धान को बारिश से बचाने के लिए कैप कवर, नमी मापने आद्रतामापी यंत्र क्रय कर केलिब्रेशन, उपार्जन केंद्र में कर्मचारी एवं डाटा एंट्री आपरेटर की नियुक्ति, पर्याप्त संख्या में हमालों की संख्या, प्राथमिक उपचार एवं पंजीयन के लिए आने वाले किसानों हेतु पीने के पानी की व्यवस्था आदि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि है जिले के अन्य केंद्रों में भी धान खरीदी के लिए पुख्ता इतजाम किया जाए ताकि किसानों को तकलीफ न हो। जिले में 139 धान उपार्जन केंद्र है। गौरतलब है कि गतवर्ष जिले में 52 लाख क्विंटल धान खरीदा गया था। इस वर्ष 68 लाख क्विंटल खरीदने का लक्ष्य है। इस अवसर पर आरंग एसडीएम अतुल विश्वकर्मा, उप पंजीयक आर के चन्द्रवंशी और कॉपरेटिव बैंक अधिकारी प्रभात मिश्र , सहायक खाद्य अधिकारी अरविंद दुबे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बुधवार को 387 मतदाताओं ने डाक मतपत्र से किया मतदान

- गुरुवार को भी शेष मतदाता कर सकेंगे मतदान
- जिला प्रशासन द्वारा डाक मत पत्र के संबंध में प्रकाशित भ्रामक खबरों का किया गया खंडन
- डाक मतपत्र प्रक्रिया के संबंध में दी गयी विस्तृत जानकारी

दन्तेवाड़ा (आरएनएस)। विधानसभा निर्वाचन-2023विधानसभा क्षेत्र-88 दंतेवाड़ा में इसी क्रम में निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसारसुविधा केन्द्र के माध्यम से दिनांक 01 नवंबर 2023 में पुलिस लाईन कारली मेंसुविधा केन्द्र स्थापित कर कुल डाकमत पत्र प्राप्तकर्ता 479 मतदाताओं को पूर्व मेंसूचना देकर तथा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सुबह 9 बजे से डाकमतके माध्यम से मतदान किया गया, इस प्रकार उक्त तिथि को कुल387 मतदाताओं का डाकमत से मतदान किया गया, जिसेस्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखा गया है, जिसमें से 334 सुरक्षा बल(दन्तेवाड़ा में कार्यरत) 19 सुरक्षाबल (अन्य जिला में कार्यरत) 17 माइको ऑजरर्वर)तथा 17 अन्य जिले में कार्यरत वे शासकीय कर्मचारी जिनकी ड्यूटी चुनाव में लगी हैउनके द्वारा भी डाकमत के माध्यम से अपने मत का प्रयोग किया गया तथा इसके अलावा शेष92 मतदाताओं का डाकमत के माध्यम से मतदान दिनांक 02 नवंबर 2023 को किया जायेगा। इसतरह जिलें में डाकमत पत्रों के माध्यम से मतदान प्रक्रिया का समय बद्व एवं विधिवतरूप कार्य संपादित हो रहा है। इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशानुसार अनुरूप पूर्व ही जिला निवार्चन शाखा द्वारा डाक मत पत्र के लिए सभी मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर दी गयी थी और डाक मत पत्र प्राप्त कर्ताओं को सूचित भी कर दिया गया था।

डाक मतपत्र के संबंध में विगत दिवस कुछ अखबारों में भ्रामक एवं आधारहीन खबरों का प्रकाशन किया गया था। जिसका उपरोक्तानुसार प्रशासन द्वारा खंडन किया जाता है। जिले में दिनांक 31 अक्टूबर 2023 को चलित मतदान दल द्वारा कुल 8 अनुपस्थित80+ एवं वृद्धजन मतदाताओं का मतदान कराया गया तथा दिनांक 01 नवंबर 2023 को चलित मतदान दल द्वारा कुल 9 अनुपस्थित 80+एवं वृद्धजन मतदाताओं का मतदान कराया गया इस प्रकार आज दिनांक तक कुल 404 मतदाताओं को डाक मत पत्र के माध्यम से मतदान कराया जा चुका है।

एम्बुलेंस में गूंजी किलकारी, महिला ने जुड़वां बच्चों को दिया जन्म, जच्चा बच्चा सुरक्षित

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में संचालित 108 एंबुलेंस जुड़वां बच्चों की किलकारी से गूंज उठी। 108 के कर्मचारियों की सूझबूझ से गर्भवती महिला ने स्वस्थ बच्चों को जन्म दिया। मां और दो बच्चे सभी स्वस्थ हैं।

इसके बाद मां और दोनों बच्चों को कालीबाड़ी के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार आरडीए कालोनी बोरिया खुर्द निवासी लता यादव को प्रसव पीड़ा होने पर रविवार की दोपहर 12:30 बजे स्वजन ने डायल 108 के माध्यम से सूचना दी। ईएमटी मलेश्वरी पटेल और पायलट ढलेश्वर साहू सूचनास्थल पर पहुंचे।

महिला को एंबुलेंस में शिफ्ट कर हास्पिटल के लिए रवाना हुए। पचपेड़ी नाका पहुंचते ही लता यादव की प्रसव पीड़ा अत्याधिक बढ़ गई। इस दौरान बच्चे का सिर भी बाहर आने लगा था। पायलट ढलेश्वर ने गर्भवती महिला की स्थिति को देखते हुए एंबुलेंस को सडक़ किनारे सुरक्षित खड़ा किया।

बाइक की डिक्की में मीले 9 लाख रुपए जब्त

कोरबा (आरएनएस)। दीपका पुलिस को वाहन जांच के दौरान नौ लाख रुपए नगद जप्त करने में सफलता मिली है। यह रकम एक युवक बाइक की डिक्की में लेकर आ रहा था। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई उपरांत जांच शुरू कर दी है।

प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू है। निर्वाचन आयोग ने आचार संहिता के दौरान नगद सहित सामाग्री लाने ले जाने नियम कायदे निर्धारित किए हैं। नियमानुसार कोई भी व्यक्ति 10 हजार से अधिक रकम लेकर सफर करता है, तो वह अवैध है। इसके संबंध में संतोषजनक जवाब व प्रमाण प्रस्तुत करना अनिवार्य है। पुलिस कप्तान जितेंद्र शुक्ला ने नियमो पालन सुनिश्चित करने दिशा निर्देश जारी किया है। उनके निर्देश एएसपी अभिषेक वर्मा व सीएसपी दर्री रॉबिंसन गुडिय़ा के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी अश्वनी राठौर के नेतृत्व मैं दीपका पुलिस की टीम कैश फ्लो रोकने लगातार मोबाइल चेकिंग पॉइंट पर वाहन जांच कर रही है। मंगलवार को भी पुलिस की टीम प्रगति नगर दीपका रोड में वाहन जांच कर रही थी। इसी दौरान बाइक क्रमांक सीजी 12 बीजी 8290 में सवार होकर आए युवक मौके पर पहुंचा। पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम राकेश कुमार सिंह साकिन- तालिबपुर थाना -बैरिया ज़िला – बलिया, ऊ. प्र. हाल मुक़ाम- दीपका बताया। जब बाइक की तलाशी ली गई तो डिक्की से नौ लाख रुपये नगदी रक़म मिला। जिसके संबंध में वैध दस्तावेज पेश नही किया। जिससे उक्त रक़म संदिग्ध होने पर धारा 102 के तहत विधिवत जप्ती की कार्रवाई की गई।

चुनाव में होंगा 6 हजार से अधिक वाहनों का अधिग्रहण

कोरबा (आरएनएस)। विधानसभा चुनाव के लिए जिले में 6 हजार से अधिक वाहनों के अधिग्रहण करने का लक्ष्य परिवहन विभाग को दिया गया है। इसमें बड़ी संख्या में यात्री बस, स्कूल बस, ट्रक और लग्जरी कार शामिल हैं। यात्री वाहनों के अधिग्रहण से आम यात्रियों को करीब एक हफ्ते तक परेशान होना पड़ेगा।

दीपावली में छत्तीसगढ़ के अलग-अलग शहरों के साथ ही पड़ोसी राज्यों मध्यप्रदेश, ओडिशा, बिहार, उत्तरप्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र जाने की तैयारी कर रहे लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा, क्योंकि इस रूट पर जाने वाली अधिकांश ट्रेनें पहले से रद्द हैं। ऐसे में यात्री वाहन ही एकमात्र विकल्प है। चुनाव आयोग के निर्देश पर सभी जिलों के आरटीओ द्वारा बस मालिकों, ट्रांसपोर्टरों और ट्रैवल्स संचालकों को मतदान के पांच दिन पहले वाहन उपलब्ध कराने नोटिस दिया गया है। निर्धारित समय पर वाहन नहीं देने और नोटिस की अवहेलना करने पर परमिट निरस्त कर ब्लैक लिस्टेड करने की चेतावनी दी गई है। मतदान के दौरान सेक्टर प्रभारियों के लिए कार की व्यवस्था करने के लिए निजी ट्रेवल्स संचालकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सभी को लक्ष्य दिया गया है। उन्हें चालक सहित नई लग्जरी कार किराये पर उपलब्ध कराने को कहा गया है। अतिरिक्त वाहनों की जरूरत पडऩे पर व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

विभाग के अधिकारियों ने बताया कि दोनों चरणों के मतदान के लिए ईवीएम और वीवीपैट मशीन को सुरक्षित गंतव्य पर भेजने के लिए शासकीय वाहनों का उपयोग किया जाएगा। निर्वाचन आयोग की निगरानी में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सरकारी अधिकारी-कर्मचारी ईवीएम और वीवीपैट मशीन लेकर रवाना होंगे।

जिला दुर्ग में एक ही दिन में जब्त किए गए कुल 63 लाख से अधिक के सोना-चांदी, समान व नगदी

दुर्ग (आरएनएस)। संपूर्ण जिला दुर्ग में विधानसभा चुनाव 2023 के परिपेक्ष में आदर्श आचार संहिता के परिपालन में लगातार 24 घंटे एफएसटी/एसएसटी एवम थाना/चौकी में जवान तैनात होकर ड्यूटी कर रहे हैं, जिसमे दिनांक 31.10.2023 को सजक एवम मुस्तैद जवानों के द्वारा कुल 63,35,103 रुपए, सोना चांदी एवम अन्य समान जिसमे गुड़ाखू, शराब जप्त की गए है, जिसमे कैश - थाना पदमनाभपुर से एफएसटी टीम के द्वारा 2,20,000 एवम 1,50,000 रू, थाना कुम्हारी एफएसटी टीम के द्वारा 1लाख रु, एसएसटी टीम अंजोरा के द्वारा 1,60,000 रू, दुर्ग एफएसटी टीम के द्वारा 59,500 रू, एसएसटी टीम अम्लेश्वर के द्वारा 80,000 रू जप्त की गए हैं, 1 दिन में कुल 7,69,500 रू कैश जप्त की गए हैं।

इसके अलावा संपूर्ण जिला दुर्ग में चेकिंग के दौरान सोना, चांदी भी जप्त किया गया है, थाना पुलिस दुर्ग एफएसटी टीम के द्वारा 555.670 ग्राम सोना कीमती 33,00,000 रू एवम थाना मोहन नगर एसएसटी टीम के द्वारा 8 द्मद्द चांदी कीमती 4,43,223 रू जप्त किए गए हैं।

थाना नंदिनी एसएसटी टीम के द्वारा चेकिंग के दौरान 18,00,000 रू की 267 गुड़ाखू पेटी जप्त कर कार्यवाही की गई है व आबकारी एक्ट के तहत 01 दिन में सम्पूर्ण दुर्ग जिले में कुल 36.72 लीटर शराब कीमती 22,380 रू की जप्ती कर थाना वैशालीनगर, छावनी, अंडा, नंदिनी नगर के द्वारा कारवाही की गई। जिला दुर्ग में एक दिवस में दुर्ग पुलिस की चेकिंग कार्यवाही के दौरान कुल जुमला कीमती 63,35,103 रुपए, जप्त किए गए है, मौके पर उक्त रकम के संबंध में पूछताछ किया, जिनके द्वारा वाहन में मिले रकम एवम सोना चांदी व अन्य के संबंध में कोई वैध दस्तावेज, रसीद एवं संतोषप्रद जवाब नहीं देने से पंचनामा तैयार कर थाना पुलिस को सुपुर्द कर, संज्ञेय अपराध से संबंधित होने की आशंका से उक्त रकम को धारा 102 जा.फौ. के प्रावधानों के तहत् जप्त किया जाकर विधिवत् कानूनी कार्यवाही की जा रही है ।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक
आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी साकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।
उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।
मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।
पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।
अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा सांवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।
पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

सी-विजिल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का तेजी से हो रहा निराकरण

- दुर्ग जिले में सबसे अधिक शिकायतें, दंतेवाड़ा जिले में सबसे कम

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग के सी-विजिल एप (सिटिजन विजिल एप) पर प्राप्त हो रही शिकायतों पर तेजी से कार्रवाई की जा रही है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार सी विजिल के माध्यम से अब तक राज्य में प्राप्त कुल 1888 शिकायतों में से 1868 शिकायतों का निराकरण कर लिया गया है और शेष शिकायतों पर कार्रवाई की जा रही है। सीविजिल के माध्यम से दुर्ग जिले में अधिकतम 407 शिकायतें और दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा जिले में न्यूनतम 4 शिकायतें प्राप्त हुई हैं जिनका त्वरित निराकरण किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि आम नागरिकों से आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतें सी- विजिल के माध्यम से मिल रही हैं। सी-विजिल पर मिलने वाली शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में अलग से नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले स्वयं प्रतिदिन मिलने वाली शिकायतों पर हुई कार्रवाई की निगरानी कर रही हैं।

विधानसभा निर्वाचन - 2023 के दौरान राज्य में आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित कराने के हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों में नागरिकों की सहभागिता बढ़ाने एवं शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्मित सी- विजिल एप्लीकेशन को और भी सशक्त बनाया गया है।

अब आम नागरिक आचार संहिता उल्लंघन के मामलों की शिकायत लाइव फोटोग्राफ एवं वीडियो के साथ-साथ ऑडियो क्लिप के माध्यम से भी कर सकेंगे। यदि कोई नागरिक राज्य में आचार संहिता उल्लंघन की कोई घटना देखता है तो सी-विजिल एप्लीकेशन का उपयोग करते हुए घटनास्थल की एक फोटो या 2 मिनट की वीडियो या ऑडियो क्लिपिंग बनाकर एप्लीकेशन के माध्यम से शिकायत कर सकता है। शिकायत गुप्त रूप से भी की जा सकती है या एप्प में पंजीकृत होकर भी की जा सकती है।पंजीकृत उपयोगकर्ता के रूप में शिकायत करने पर उपयोगकर्ता को शिकायत निराकरण के पश्चात उसकी सूचना भी दी जाएगी। यह एप्लीकेशन आम नागरिकों के लिए एंड्राइड/आईओएस दोनो पर उपलब्ध है। सामान्य मामलों में शिकायतों पर कार्यवाही 100 मिनिट के भीतर पूरी कर शिकायतकर्ता को इसकी सूचना दी जाएगी। सीविजिल एप का उपयोग करते हुए नागरिक गैर कानूनी प्रचार-प्रसार क्रियाकलापों का पता लगते ही मिनटों के अंदर तथा रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय जाए बिना तुरंत रिपोर्ट कर सकते हैं। सीविजिल एक आसान ऐप है जो प्रयोक्ता अनुकूल तथा उपयोग करने में आसान है।